चुकान पंचायत का मामला, जांच टीम ने सचिव व सरपंच से 5 .28 लाख की राशि को बताया वसूली योग्य

# सचिव व सरपंच पर फर्जी भुगतान का आरोप प्रमाणित

**अनूपपुर, नवभारत 31 अक्टूबर।** जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चुकान में फर्जी भुगतान के मामले में बड़ी कार्रवाई सामने आई है। जांच टीम ने पंचायत के प्रभारी सचिव श्रवण द्विवेदी और सरपंच उर्मिला सिंह को दोषी पाते हुए 5 लाख 28 हजार की राशि वसूली योग्य बताई है। जांच प्रतिवेदन आगे की कार्यवाही हेतु जिला पंचायत अनूपपुर कार्यालय को भेज दिया गया है।

वार्ड क्रमांक 03 के पंच मूलचंद गुप्ता ने 23 जुलाई को जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई थी। पूर्व सरपंच लाल सिंह एवं तुलसी सिंह गोंड ने भी 14 जुलाई को इसी प्रकरण की शिकायत जनपद पंचायत कार्यालय में सौंपी थी। इसके साथ ही शिकायतकर्ता ने सीएम हेल्पलाइन पर भी मामला दर्ज कराया था। शिकायत के बाद एडीईओ गोविंद सिंह पैकरा ने जांच और कार्यवाही का आश्वासन देकर शिकायत बंद करा दी थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर शिकायतकर्ता ने पुन: सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई।



### जांच में सहयोग नहीं बल्कि दी धमकी

जांच प्रतिवेदन के अनुसार खंड पंचायत अधिकारी आदेश टोप्पो के नेतृत्व में जांच टीम ने प्रभारी सचिव श्रवण द्विवेदी को तीन बार 12 सितंबर, 18 सितंबर और 24 सितंबर को संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए पत्र जारी किए, लेकिन सचिव द्वारा जांच में सहयोग नहीं करते हुए, 16 सितंबर को कार्यालय पहुंचकर जांच अधिकारी को जांच करोगे तो भुगतोगे जैसी धमकी दी गई। 25 सितंबर को भी सचिव सरपंच पति के साथ कार्यालय पहुंचे और जांच टीम को जांच रोकने की धमकी दी, जिसका उल्लेख जांच प्रतिवेदन में किया गया है।

### अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा

जांच टीम के अध्यक्ष आदेश टोप्पो (खंड पंचायत अधिकारी) और एडीईओ गोविंद सिंह पैकरा द्वारा तैयार रिपोर्ट में सचिव और सरपंच पर कार्यालयीन आदेशों की अवहेलना, कदाचार, तथा समयावधि में दस्तावेज नहीं देने का दोषी पाया गया है। रिपोर्ट में दोनों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई और संयुक्त रूप से 5 लाख 28 हजार की वसूली की अनुशंसा की गई है।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा लिखित शिकायत के साथ ही सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज की गई थी। पहले जांच का आश्वासन देकर शिकायत बंद कर दी गई, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर मैंने पुन: शिकायत की।

**मूलचंद गुप्ता**
**पंच वार्ड 3 चुकान**

जांच अधिकारी का कहना मामले की जांच टीम द्वारा पूरी कर ली गई है। प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारी एवं जिला पंचायत कार्यालय को अग्रिम कार्रवाई हेतु भेज दिया गया है।

**आदेश टोप्पो, खंड पंचायत अधिकारी, जनपद अनूपपुर**

## कर्मचारी को किया कार्य मुक्त

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ नर्मदा जायसवाल को गुरुवार को उनके मूल पद पर लौटाते हुए विद्यालय में शिक्षकीय कार्य हेतु मुक्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई उस समय की गई जब बुधवार को आजाद अध्यापक संघ ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश तिवारी और कर्मचारी नर्मदा जायसवाल पर कार्य के बदले पैसे लेन के गंभीर आरोप लगाए थे। संगठन ने दोनों को हटाने की मांग करते हुए एसडीएम पुष्पराजगढ़ को कलेक्टर के नाम शिकायती पत्र सौंपा था।संगठन ने चेतावनी दी थी कि यदि 20 दिनों के भीतर दोनों अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो शिक्षक उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। विवादास्पद रूप से गुरुवार को बीईओ सतीश तिवारी, जिन पर भी आरोप लगे हैं, ने स्वयं के आदेश से नर्मदा जायसवाल को कार्यालय कार्य से मुक्त कर विद्यालय भेज दिया। बीईओ सतीश तिवारी के विरुद्ध अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, जिससे शिक्षकों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है।




# कोतमा के युवाओं में दिखा देशभक्ति का जज्बा

**सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एकता दौड़ का आयोजन**

**कोतमा नवभारत 31 अक्टूबर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर सारथी पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण संस्था के तत्वावधान में नगर में एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और देश के युवाओं में देशभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त करना था।

दौड़ का शुभारंभ राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। इसके बाद पूरे नगर में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारों से वातावरण गूंज उठा। दौड़ ठाकुर बाबा प्रांगण से शुरू हुई, नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए अटल चौपाटी पर समाप्त हुई। मार्ग में बड़ी संख्या में नागरिकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। दौड़ में युवाओं, विद्यार्थियों और खेल प्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सरदार पटेल के आदर्शों को नमन किया।

### प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

समापन अवसर पर विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कार 11,000 द्वितीय पुरस्कार 5,100, तृतीय पुरस्कार 3,100 रुपये के अतिरिक्त अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### राज्यमंत्री ने आयोजन की सराहना की

राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज के युवा अगर उसी भावना से आगे बढ़ें, तो हमारा भारत विश्व का अग्रणी राष्ट्र बन सकता है। उन्होंने सारथी संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, अनुशासन और जागरूकता का संदेश देते हैं।

# गलत पार्किंग पर तुरंत लगेगा व्हील-लॉक

**क्यूआर कोड स्कैन कर भरना होगा जुर्माना, जिले में नहीं है पार्किंग की जगह**



**अनूपपुर, नवभारत 31 अक्टूबर।** जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और सड़कों पर अव्यवस्था रोकने के लिए यातायात पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब शहर में गलत या निषिद्ध स्थान पर वाहन पार्क करने वालों की परेशानी बढ़ने वाली है। यातायात पुलिस ने आधुनिक डिजिटल व्हील-लॉक प्रणाली लागू की है। इस प्रणाली के तहत गलत पार्किंग पाए जाने पर वाहन के पहिए पर तुरंत व्हील-लॉक लगाया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने बताया कि इस नई व्यवस्था में प्रत्येक व्हील-लॉक पर एक विशेष क्यूआर कोड अंकित रहेगा। वाहन स्वामी को इस कोड को मोबाइल से स्कैन करना होगा। स्कैन करते ही वाहन से संबंधित जानकारी ट्रैफिक कंट्रोल रूम और संबंधित यातायात प्रभारी तक पहुंच जाएगी। इसके बाद चालक को डिजिटल माध्यम से चालान या जुर्माना भरने के निर्देश मिलेंगे। भुगतान पूरा होते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर राशि का सत्यापन करेगा और लॉक हटा देगा। पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी होगी, जिससे किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार की संभावना समाप्त होगी।

### पारदर्शिता और अनुशासन की दिशा में कदम

यातायात प्रभारी ने बताया कि यह नई पहल शहर में अनुशासित पार्किंग संस्कृति को बढ़ावा देगी। इससे सड़कों पर अवरोध कम होंगे, ट्रैफिक का प्रवाह बेहतर होगा और दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी घटेंगी। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। गलत पार्किंग पाए जाने पर तत्काल जुर्माना और व्हील-लॉक की कार्रवाई की जाएगी।

## पशु तस्करी का आरोपी वाजिद गिरफ्तार

कोतमा नवभारत । पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एसडीओपी आरती शाक्य के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में थाना कोतमा पुलिस द्वारा काफी समय से फरार चल रहे पशु तस्कर वाजिद को गिरफ्तार किया गया है। 03 मई 2025 को थाना कोतमा क्षेत्रांतर्गत अवैध हथियार के साथ पशु तस्करी करने पर थाना कोतमा में वाजिद खान एवं अन्य के विरूध्द मामला पंजीबध्द किया गया था। उक्त घटना के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी पूर्व में की जा चुकी है। घटना का एक आरोपी वाजिद खान काफी दिनो से फरार चल रहा था, जिसकी तलाश की जा रही थी।

# पिता-पुत्र पर की जाए जिला बदर की कार्यवाही

**दोनों के आतंक से परेशान व्यापारी संगठनों की मांग, थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन**



**कौतमा नवभारत 31 अक्टूबर।** स्थानीय व्यापारियों ने एकजुट होकर कोतमा थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें देवगंवा निवासी राजकुमार शुक्ला और उसके पुत्र दीप शुक्ला के विरुद्ध जिला बदर (जिले से निष्कासन) की कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि पिता-पुत्र द्वारा विवाद और गुंडागर्दी की जा रही है, जिनके मामले विभिन्न थानों में पहले से ही दर्ज हैं। इस संबंध में स्थानीय व्यापारी संघ, आदर्श किराना व्यापारी संघ और लव कुश ताम्रकार बर्तन व्यापारी संघ द्वारा अलग-अलग तीन आवेदन दिए गए हैं। व्यापारियों ने अपने ज्ञापन में नगर के बस स्टैंड के पास हुई एक गंभीर घटना का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि नगर के बर्तन व्यापारी और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मनमोहन ताम्रकार के पिता घनश्याम ताम्रकार पर दीप शुक्ला एवं अन्य साथियों द्वारा कथित तौर पर जानलेवा हमला किया गया था।

### मोबाइल पर दी थी धमकी

ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि घटना के कुछ दिनों बाद, राजकुमार शुक्ला ने मोबाइल पर बात करते हुए स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि मेरा पुत्र दीप शुक्ला तो कुछ भी नहीं किया है, मैं मनमोहन के परिवार को देख लूंगा। इस धमकी भरे बयान से मनमोहन ताम्रकार का परिवार काफी भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रहा है। इसी ऑडियो और लगातार हो रही गुंडागर्दी को लेकर व्यापारी वर्ग ने एकजुट होकर यह कदम उठाया है।

### पुलिस ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

ज्ञापन लेने के बाद थाना प्रभारी ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि राजकुमार शुक्ला के विरुद्ध सभी थानों से आपराधिक रिकॉर्ड मंगा लिए गए हैं और जिला बदर की कार्रवाई शीघ्र की जाएगी। साथ ही, दीप शुक्ला की न्यायालय से जमानत नहीं हो, इसके लिए भी पुलिस प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि व्यापारी वर्ग बिल्कुल भयभीत न हो, कोई गुंडाराज नहीं है और पुलिस व्यापारियों के साथ खड़ी है।

### इनकी रही उपस्थिति

ज्ञापन सौंपने वाले व्यापारियों में मुख्य रूप से अजय सराफ नगर पालिका अध्यक्ष कोतमा, इकबाल हुसैन बोहरा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कोतमा, पुष्पेंद्र जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष कोतमा, अभिषेक सराफ पार्षद वार्ड क्र. 2, हमीद बोहरा, अनिल ताम्रकार, बद्री प्रसाद ताम्रकार, अवधेश प्रसाद ताम्रकार, दीपक राजानी, सुनील ताम्रकार, संजय जैन, ज्ञान प्रसाद मिश्रा, रमेश गोयनका, शंभू केवट, राहुल जैन आदि शामिल थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

**अमरकंटक के पंचकोसी परिक्रमा मार्ग की घटना**



**अनूपपुर, नवभारत 31 अक्टूबर।** अमरकंटक में शुक्रवार की सुबह सनसनीखेज घटना सामने आई। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर कपिलधारा (जिला डिंडोरी) के घने जंगलों में एक परिक्रमावासी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु करंजिया अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान विधूत बैरा नामक व्यक्ति के रूप में हुई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सुबह परिक्रमा मार्ग से गुजरते समय उन्होंने एक व्यक्ति का शव देखा। शव के पास रखा बैग बंदरों द्वारा फाड़ा जा चुका था और मृतक का सामान चारों ओर बिखरा पड़ा था। मौके पर मिली पूजा सामग्री, परिक्रमा पुस्तिका और आय-व्यय की नोटबुक से संकेत मिलते हैं कि मृतक लंबे समय से परिक्रमा कर रहे थे और तपस्वी जीवन व्यतीत कर रहे थे।

### मृतक के परिजनों की तलाश की जा रही है

मामले की प्रारंभिक जानकारी अमरकंटक पुलिस को मिली, जिसके बाद डिंडोरी जिले के करंजिया थाना को सूचना दी गई। करंजिया थाना से प्रधान आरक्षक और आरक्षक मौके पर पहुंचे तथा पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम हेतु रवाना किया गया। पुलिस ने जांच आरंभ कर दी है और मृतक के परिजनों की तलाश की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर नर्मदा समग्र संस्था के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और नगर परिषद अमरकंटक के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते को सूचना दी।

## दीपक बने कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष

**अनूपपुर, नवभारत 31 अक्टूबर।** मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के संरक्षक वीरेंद्र खोंगल के अनुमोदन एवं प्रांतीय अध्यक्ष सुनील निगम के हस्ताक्षर से जारी आदेश के अनुसार, दीपक तिवारी माध्यमिक शिक्षक अनूपपुर को मध्यीप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस अनूपपुर का जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। जारी आदेश में 29 अक्टूबर के को यह नियुक्ति संगठन के संविधान की धारा 24 के अंतर्गत की गई है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि श्री तिवारी संगठन के कार्यों को सशक्त बनाने एवं कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# खांड़ा गांव पहुंचा भालू, ग्रामीण दहशत में

**वन विभाग ने दी सतर्क रहने की सलाह**



**अनूपपुर, नवभारत 31 अक्टूबर।** जिले के कोयलांचल क्षेत्र में भालुओं की लगातार मौजूदगी से दहशत में जी रहे ग्रामीणों के लिए एक बार फिर चिंता बढ़ाने वाली खबर आई है। शुक्रवार की सुबह अनूपपुर वन परिक्षेत्र के खांड़ा गांव में एक भालू को अमरहाई तालाब के आसपास विचरण करते हुए देखा गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की।

वन विभाग के अनुसार, सुबह के समय भालू कोदैली और रामपुर गांव की सीमा के बीच कठना नदी किनारे से होता हुआ खांड़ा गांव के खेतों के पास मुख्य मार्ग के किनारे तेलरी तालाब के समीप पहुंच गया था। वहां कुछ समय झाड़ियों में छिपकर बैठने के बाद पटाखे की आवाज सुनते ही वह नदी की ओर भागा, लेकिन थोड़ी देर बाद फिर गांव के ठाकुरबाबा मंदिर, अमरहाई तालाब, अस्पताल और हाईस्कूल के आसपास घूमता देखा गया।

### भालू से सुरक्षित दूरी बनाए रखें

भालू के गांव में आने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। स्थिति को देखते हुए वन विभाग के कर्मचारियों ने भीड़ को दूर रखा और लगातार निगरानी करते हुए भालू को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास किया। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे भालू से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, समूह में बाहर निकलें और बच्चों को अकेले न भेजें। साथ ही किसी भी तरह की हलचल या भालू के दिखने की सूचना तुरंत वन विभाग को देने की सलाह दी गई है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजुरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.)

क्रमांक / 1328 — **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** — बिजुरी, दिनांक 14/10/2025

**दीनदयाल रसोई योजना तृतीय चरण अंतर्गत रसोई के संचालन हेतु ई-निविदा द्वारा अनिरूचि प्रस्ताव आमंत्रण सूचना**

दीनदयाल रसोई योजना तृतीय चरण अंतर्गत नगर पालिका परिषद बिजुरी क्षेत्र में दीनदयाल रसोई योजना संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओ / एरिया लेवल फेडरेसन/स्व-सहायता समूह/व्यक्यो / स्वयंसेवी संगठनों (NGO) से ऑनलाईन निविदायें ऑनलाईन टेण्डर क्रं. दिनांक-16/10/2025 से आमंत्रित की जा रही है।

जिस हेतु निविदा प्रपत्र, निविदा प्रकाशन दिनांक 16/10/2025 समय 10 :30 प्रात: से दिनांक 31/10/2025 समय 05 :30 अपराहन तक ऑनलाईन भुगतान कर बेवसाईट https://mptenders.gov.in से प्राप्त कर सकते है।

| क्रं. | ऑन लाईन पोर्टल | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | https://www.mpetenders.gov.in | दीनदयाल रसोई योजना-तृतीय चरण अंतर्गत रसोई के संचालन हेतु प्रस्ताव आमंत्रण | 10000/- | 2000/- |

कार्य का विस्तृत विवरण, शर्ते वांछित योग्यता, अनुबंध की शर्त एवं विस्तृत जानकारी विभाग की वेवसाईट http://www.mpurban.gov.in एवं mptenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 03/11/2025 को समय 12 :30 अपराहन मे खोले जायेंगे।

**मुख्य शर्ते:-**

1. संस्था को 10 रुपए प्रति कूपन की दर से अनुदान राशि आवर्ती व्यय के रूप में प्रदान की जावेगी। यह राशि दीनदयाल रसोई योजना के डैशबोर्ड पर दर्ज कूपन संख्या के आधार पर अधिकतम प्रतिदिवस 250 कूपन की दर से प्रदान की जावेगी। (निकाय हेतु अधिकतम 250 कूपन प्रतिदिवस का निर्धारण राज्य स्तर से किया गया है। अत: प्रतिदिवस 250x10=2500 रुपए की अधिकतम आवर्ती व्यय सीमा रहेगी)।
2. ऐसी स्वयं सेवी / गैर शासकीय संस्थाये / धार्मिक संस्था / कल्याणकारी संस्था आदि जिनका मूल उद्देश्य समाज सेवा है और वह स्वेच्छा से "दीनदयाल योजना" के क्रियावयन से जुड़ना चाहती हो तथा संस्था सेवा भावी रूप से कार्य करने में सक्षम होनी चाहिये।
3. संस्था क्रियाशील होनी चाहिये, साथ ही उसका पंजीयन जीवित होना अनिवार्य है।
4. संस्था / प्रस्ताव प्रदाता का विगत 05 वर्ष का चार्टर्ड एकाउन्टेट द्वारा ऑडिट किया गया हो। तथा इसकी ऑडिट रिपोर्ट प्रस्ताव के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. संस्था का विगत 03 वर्षो का औसत टर्न ओवर 25 लाख रू. से कम का नहीं होना चाहिये। टर्न ओवर के आधार पर संस्था का मूल्यांकन किया जायेगा (तकनीकी निविदा में प्रमाण-पत्र टर्न ओवर पत्रक संलग्न करना अनिवार्य होगा)।
6. संस्था को पूर्व में ब्लैक लिस्टेड नही किया गया हो ऐसा वचन पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।
7. जिला स्तरीय समिति द्वारा किये गये भौतिक निरीक्षण एवं पावर पॉइन्ट प्रेजेन्टेशन (दीनदयाल रसोई योजना की मार्गदर्शिका के विन्दु क्रमांक 7.9) के आधार पर शासन द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जिला स्तरीय समिति द्वारा अंक प्रदान किये जावेगें। इस प्रकार अर्जित अंकों में से उच्चतम अंक वाली संस्था का चयन किया जाकर तदनुसार पात्र संस्था को कायार्देश जारी किया जावेगा।
8. जिला स्तरीय समिति द्वारा संस्था चयन हेतु प्रस्तावित विन्दु दीनदयाल रसोई योजना की मार्गदर्शिका के विन्दु क्रमांक 7.9 अनुसार निर्धारित किये जायेंगे। (विस्तृत जानकारी हेतु निविदा के साथ संलग्न पत्र तथा दीनदयाल रसोई योजना तृतीय चरण की मार्गदर्शिका के विन्दु क्रमांक 7.9 को देखे)
9. संस्था को दीनदयाल रसोई योजना संचालन के निर्देशों एवं नियमों का ज्ञान भली भांति होना अनिवार्य है। तकनीकी निविदा में स्व प्रमाण-पत्र अथवा समान क्षेत्र में योजना के संचालन का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। (शेष शर्ते निविदा में देंखे।)
10. जिलो या निकायो में दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत रसोई केन्द्र संचालन करने का कार्य अनुभव रखने वाली संरथाओं को प्राथमिकता प्रदान की जावेगी। इस हेतु दीनदयाल रसोई केन्द्र संचालन का अनुभव रखने वाली संस्थाएं, तकनीकी प्रस्ताव के साथ निकाय द्वारा प्रदाय किये गये कायार्देश की छायांप्रतियां संलग्न करें।

जारी निविदा में किसी भी प्रकार संशोधन केवल वेवसाईट पर किया जायेगा (समाचार पत्रों में संशोधन आदि का प्रकाशन नहीं किया जायेगा)।

**निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति एवं बिना कारण बतायें निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बिजुरी को होगा।**

**संलग्न :- दीनदयाल रसोई योजना तृतीय चरण हेतु नियम एवं शर्ते।**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद बिजुरी जिला अनूपपुर (म.प्र.)**


मोंथा का असर ▶ लगातार बारिश से किसानों में मायूसी, बीमा कंपनियों की लापरवाही पर रोष

# धान आधी तो सोयाबीन की फसल पूरी तरह हो गई बर्बाद



**अनूपपुर, नवभारत 31 अक्टूबर।** जिले में चक्रवाती तूफान मोंथा का असर लगातार बना हुआ है। पहाड़ी क्षेत्रों, विशेषकर राजेंद्रग्राम और अमरकंटक में घना कोहरा छाया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों को वाहन चलाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बीते पांच दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश ने किसानों की सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया है।

लगातार बारिश से खेतों में जगह-जगह पानी भर गया है। धान की करीब आधी फसल खराब हो चुकी है, जबकि सोयाबीन की फसल लगभग पूरी तरह नष्ट मानी जा रही है। खेतों में खड़ी धान की फसल पानी में डूबने से बाली में सड़न आने लगी है। ग्राम परसवार, मौहरी, पिपरिया, जमुडी सकरा, दुलहरा, जैतहरी, कोतमा और पुष्पराजगढ़ क्षेत्रों में किसानों के खेतों में पानी भर जाने से भारी नुकसान की स्थिति है।

### आंधी बारिश ने फसलों को पूरी तरह चौपट कर दिया

किसानों के अनुसार 11 अक्टूबर को आई तेज आंधी और बारिश से फसलें पहले ही 50 प्रतिशत तक प्रभावित हो चुकी थीं, जिसके बाद 28 अक्टूबर से शुरू हुई लगातार बारिश ने बची-खुची उम्मीद भी खत्म कर दी। गुरुवार रात हुई तेज बारिश और आंधी ने फसलों को पूरी तरह चौपट कर दिया। शुक्रवार को भी आसमान में बादल छाए रहे और बारिश का सिलसिला जारी रहा।

### सर्वे कागजों में पूरा कर दिया जाता है : पटेल

फसलों के नुकसान के बाद भी बीमा कंपनी, राजस्व विभाग और कृषि विभाग की टीमों द्वारा अब तक किसी प्रकार का सर्वे नहीं किया गया है। किसान सीताराम पटेल का कहना है कि हर साल बीमा का प्रीमियम भरने के बावजूद नुकसान की स्थिति में कोई अधिकारी खेतों तक नहीं पहुंचता। सर्वे कागजों में पूरा कर दिया जाता है और वास्तविक किसान को कुछ नहीं मिलता। किसान लगातार प्रशासन से वास्तविक सर्वे और राहत राशि की मांग कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर उठे सवाल

किसानों ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सिर्फ कागजों में किसानों की सुरक्षा देती है। जिले में हजारों किसान पंजीकृत होने के बावजूद क्लेम भुगतान बहुत कम लोगों तक पहुंच पाता है। किसानों का कहना है कि बीमा कंपनियां प्रीमियम तो समय पर वसूलती हैं, लेकिन जब खेतों में नुकसान होता है तो सर्वे टीम भेजने में महीनों लगा देती हैं। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शुक्रवार को निर्देश जारी किए हैं कि राजस्व विभाग की टीमें पांच दिनों के भीतर सर्वे रिपोर्ट तैयार करें।